PUBLICATION NAME :	Nai dunia
EDITION:	Ujjain
DATE :	03/06/2023
PAGE NO.	4

राष्ट्रीय उद्यमिता जागरूकता शिविर को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने किया संबोधित

उद्यमिता में मेहनत कर महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा

उज्जैन (नईदुनिया प्रतिनिधि)। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि महिलाओं ने उद्यमिता के क्षेत्र में जो मेहनत की है, इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। हमारी ''मातृशक्ति'' की पहचान संकल्प और शक्ति है। वह लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा कर रही है। आज विकास के मामले में पांच उद्यमियों में से एक उद्यमी महिला उभरकर सामने आ रही है। महिलाओं के आर्थिक विकास के मामले में स्व-सहायता समूह ने उल्लेखनीय कार्य किया है। उद्यमिता के लिए यह जागरूकता कार्यक्रम सीखने की प्रक्रिया को और तेज करेगा।

राष्ट्रीय उद्यमिता जागरूकता शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यपाल मंगुभाई पटेल। ● नईदुनिया

वे विक्रम कीर्ति मंदिर सभागार में लगे राष्ट्रीय उद्यमिता जागरूकता शिविर को संबोधित कर रहे थे। शुभारंभ कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग के राज्यमंत्री डा. मुंजपारा महेन्द्रभाई, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा भी बतौर अतिथि शामिल हुई थीं। केंद्रीय मंत्री मुंजपारा महेंद्रभाई ने कहा की केंद्र सरकार महिलाओं के विकास का एजेंडा लेकर चल रही है। उनके सशक्तिकरण के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। आज आवश्यकता है ऐसा इकोसिस्टम विकसित करने की जिससे महिला उद्यमियों की कैपेसिटी बिल्डिंग की जा सके।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं की है। यदि इन्हें हम पीछे छोड़ देंगे तो आर्थिक प्रगति बाधित होगी। आज भारत में स्टार्टअप में महिलाएं सबसे आगे हैं। यही नहीं 60 प्रतिशत महिलाएं ऋण लेकर उद्यम चला चला रही है। साथ ही इनके मेंटरशिप की भी अत्यधिक आवश्यकता है। भारतीय उद्यमिता संस्थान के संचालक सुनील शुक्ला ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में जिस तरह से भारत का विकास हो रहा है, उसमें महिलाओं की भागीदारी स्पष्ट रूप से दिख रही है।

उद्यमिता संस्थान 40 वर्षों से लगातार देश में कार्य कर रहा है। स्वागत भाषण राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य सचिव मीनाक्षी नेगी ने स्वागत दिया। आभार अमित द्विवेदी ने माना।

भविष्य के लिए नए संकल्प लेने का समय आ गया

राज्यपाल मंगु भाई पटेल, विक्रम विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में हुए तेलंगाना राज्य के नवें स्थापना दिवस समारोह में भी शामिल हुए। उन्होंने सभी तेलंगाना निवासियों को बधाई दी। उद्‌बोधन में कहा मध्य प्रदेश और तेलंगाना के निवासियों के बीच संवाद स्थापित करना, संस्कृतियों का आदान-प्रदान करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। मध्य प्रदेश में सभी राज्यों का स्थापना दिवस मनाने की शुरूआत की गई है। अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव, राजभवन सचिवालय के प्रमुख सचिव डीपी आहूजा, एमएसएमई सचिव पी .नरहरि, तेलंगाना की प्रो.नीलिमा सत्यम देवरकोंडा, विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अखिलेश कुमार पाण्डेय, कुलसचिव डॉ.प्रशांत पुराणिक एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।